**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक – 26.05.2026 (संध्या–1900 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **केंद्र सरकार ने अवैध घुसपैठ और आबादी में बदलाव की जांच के लिए की बड़ी पहल; राष्ट्रीय सुरक्षा और सामाजिक ढांचे पर खतरों से निपटने के लिए उच्चस्तरीय समिति गठित।**
2. **गिरिडीह में केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी की अध्यक्षता में हुई दिशा की महत्वपूर्ण बैठक; विकास कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश।**
3. **मुख्यमंत्री ने की शिक्षा विभाग की समीक्षा, सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस की संख्या बढ़ाने के निर्देश, महिला और बाल विकास विभाग की योजनाओं का भी लिया जायजा।**
4. **राज्य के ग्यारह जिलों में कल तेज आंधी और बारिश– वज्रपात का ऑरेंज अलर्ट; 28 मई से भीषण गर्मी से राहत मिलने की संभावना।**
5. **राज्य के आठ खिलाड़ियों के साथ भारतीय अंडर–18 हॉकी टीमें एशिया कप के लिए जापान रवाना; महिला टीम में छह और पुरुष टीम में राज्य के दो खिलाड़ी दिखाएंगे अपना दम।**

**************************

केंद्र सरकार ने घुसपैठ और अन्य कारणों से देश की आबादी के ढांचे में हो रहे बदलावों से निपटने के लिए एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति प्रकाश प्रभाकर नौलेकर इस समिति के अध्यक्ष होंगे। इस समिति में जनगणना आयुक्त सहित कई पूर्व प्रशासनिक अधिकारी और अर्थशास्त्री शामिल किए गए हैं। गृह मंत्री ने कहा कि अप्राकृतिक रूप से बदलती आबादी देश की संप्रभुता, राष्ट्रीय सुरक्षा और आदिवासी समाज के संरक्षण के लिए एक गंभीर चुनौती है।

**************************

गिरिडीह में आज जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति यानी दिशा की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में पानी, बिजली और शहर की सफाई का मुद्दा मुख्य रूप से छाया रहा। केंद्रीय मंत्री ने जिले में चल रही विकास योजनाओं में तेजी लाने और अधूरी सड़कों के मामले की जांच करने के निर्देश दिए।

बैठक के बाद राज्य के नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि विकास कार्यों की कमियों को जल्द दूर किया जाएगा

**************************

पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए हैं। रांची में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के मेडिकल कारपोरेशन में नियमों को ताक पर रखकर चहेते अधिकारियों को सेवा विस्तार दिया गया है। उन्होंने वर्ष 2026 में हुए 80 करोड़ रुपये के एंबुलेंस टेंडर में भी भारी गड़बड़ी का दावा किया है। श्री मरांडी ने ट्रेजरी घोटाले का जिक्र करते हुए कहा कि जांच के बावजूद बड़े अधिकारियों को बचाया जा रहा है।

**************************

रांची में आज भारतीय जनता युवा मोर्चा के एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मुलाकात की। संगठन ने झारखंड राज्य फार्मेसी काउंसिल में फैले भ्रष्टाचार और अनियमितताओं की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है। युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज ने आरोप लगाया कि काउंसिल में छात्रों से नामांकन और परीक्षा के नाम पर अवैध वसूली की जा रही है।

**************************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आज स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2025–26 की उपलब्धियों और नए वर्ष 2026–27 की कार्ययोजना पर चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने ग्रामीण क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने, शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया तेज करने और सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस की संख्या बढ़ाकर पांच हजार करने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने महिलाओं और बच्चों से जुड़ी कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सामाजिक सुरक्षा और कुपोषण उन्मूलन योजनाओं का लाभ समय पर जरूरतमंदों तक पहुंचाया जाए।

**************************

केंद्र सरकार के बारह वर्षों के कार्यकाल में महिला सशक्तीकरण के तहत चलाई जा रही प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना ग्रामीण महिलाओं के लिए वरदान साबित हो रही है। हजारीबाग जिले के इचाक प्रखंड की औलंजा पंचायत में इस योजना ने गरीब महिलाओं को लकड़ी के चूल्हे के धुएं से मुक्ति दिलाई है।

**********************

इधर, रांची में भी इस योजना के बाद से महिलाओं को पारंपरिक चूल्हे की परेशानियों से बड़ी राहत मिली है। अब गैस पर खाना बनने से महिलाओं का समय आधा से भी कम लग रहा है। इस बचे हुए समय का उपयोग महिलाएं अन्य कार्यों और स्वरोजगार में कर रही हैं।

**********************

खूंटी पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत लोगों के खोए हुए मोबाइल फोन बरामद कर उन्हें वापस लौटाए हैं। जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में एसपी ऋषभ गर्ग ने कुल छप्पन लोगों को उनके गुम हुए मोबाइल फोन सौंपे। जन शिकायत सेल और टेक्निकल टीम की मदद से इन फोनों को खोजा गया था।

**********************

बकरीद त्योहार को शांति और भाईचारे के साथ मनाने के लिए राज्यभर में विशेष सतर्कता बरती जा रही है। खूंटी नगर भवन में आयोजित जिला शांति समिति की बैठक में उपायुक्त मोहम्मद जावेद हुसैन और एसपी ऋषभ गर्ग ने सभी समुदायों से संवाद किया। प्रशासन ने मस्जिदों में बिजली, पानी और साफ–सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। दूसरी ओर, पाकुड़ में उपायुक्त मेघा भारद्वाज और पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह के नेतृत्व में पुलिस जवानों ने संवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च किया। अधिकारियों ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और शांति बनाए रखने की अपील की है।

**********************

राजधानी रांची सहित पूरे राज्य में अट्ठाइस मई से भीषण गर्मी से राहत मिलने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमी के कारण राज्य के कई जिलों में बारिश होगी, जिससे तापमान में गिरावट आएगी। मौसम विभाग ने कल राज्य के ग्यारह जिलों में गरज–चमक के साथ बारिश और पचास से साठ किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज आंधी का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

**********************

राज्य के आठ खिलाड़ियों के साथ भारतीय अंडर–18 महिला और पुरुष हॉकी टीमें एशिया कप दो हजार छब्बीस में हिस्सा लेने के लिए जापान रवाना हो गई हैं। जापान में उनतीस मई से छह जून तक आयोजित होने वाले इस बड़े टूर्नामेंट में भारतीय टीमें खिताब जीतने के इरादे से मैदान में उतरेंगी। आपको बता दें कि भारतीय महिला टीम में झारखंड की छह प्रतिभावान महिला खिलाड़ियों और पुरुष टीम में दो खिलाड़ियों को शामिल किया गया है।

*****************